कैमूर जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, देवरी में 100 आसन वाले छात्रावास भवन का निर्माण कार्य हेतु दिनांक 08.03.2017 को प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक 12.07.2018 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:

1. श्री **राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. श्री **तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक(वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
3. श्री **रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक(दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
4. श्री **अरविंद कुमार सिंह,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, पटना। — सदस्य

कार्यवाही:-

कैमूर जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, देवरी में 100 आसन वाले छात्रावास भवन का निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रसारण दैनिक समाचार पत्र "दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान" में दिनांक 10.02.2018 को की गयी थी, जिसका पी0आर0 सं0-13584 नि0नि0 2017-18 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति कुल ₹345.61 लाख मात्र की प्राप्त है एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹393.629 लाख मात्र है तथा परिमाण-विपत्र की राशि ₹3,49,76,002.00 मात्र है।

इस निविदा में तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया। जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता राम लाल पासवान, ग्रा0-खीरी, पो0+थाना-भगवानपुर, कैमूर के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत अर्हता के लिये अपलोडेड आवश्यक दो डिग्रीधारी अभियंताओं का उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र मे से एक डिग्रीधारी अभियंता का प्रमाण-पत्र अस्पष्ट एवं संदेहात्मक पाया गया। अतएव एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5(B)(b) के तहत नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

द्वितीय निविदादाता बाबा गौसगीर कंस्ट्रक्शन, वार्ड न0-भभुआ, जिला-कैमूर के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित घोषित किया जाता है।

तृतीय निविदादाता उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर, बिहार के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य की निविदा की वैद्यता 17.03.2018 को समाप्त होने के कारण निविदा रद्द कर पूनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया। तद्‌लोक में मुख्य महाप्रबंधक नियमानुसार निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करेंगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

12/07/18	12.7.18	Tapeshwar 12.07.18.	
(अरविन्द कु0 सिंह)	(रंजित प्र0 सिंह)	(तपेश्वर प्र0 साह)	(राम सागर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (दक्षिण),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0यू0, पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।